छपते छपते
कोलकाता
मंगलवार, 2 फरवरी 2021

कलकत्ता चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने बजट परस्तावों का स्वागत किया है। चेम्बर के अध्यक्ष श्री राजीव माहेश्वरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह बजट कृषि, मूलभूत ढांचे, रेलवे, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं लघु व मध्यम उद्योगों को स्टार्टअप्स को बजट में आवंटन एवं अन्य राजकोषीय लाभ पहुंचा कर प्रोत्साहित किया गया है। यह बजट प्रगतिशील एवं व्यय उन्मुखी बजट है। बजट प्रस्तावों को लागू करने से लोगों के हाथ में पैसे आयेंगे एवं उससे मांग का सृजन होगा एवं परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की गति तेज होगी। श्री माहेश्वरी ने वयोवृद्ध नागरिकों को राहत की सराहना की है एवं आकलन की पुनर्समीक्षा सेकानूनी विवाद कम होंगे।